करीना कपूर के चैट शो पर गेस्ट बनेंगे सैफ और कार्तिक आर्यन

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

करीना कपूर एक बड़ा इंट्रेस्टिंग प्रॉजेक्ट लेकर आ रही हैं। सोशल मीडिया पर उनके चैट शो की तस्वीरें और विडियोज वायरल हो रहे हैं। पति सैफ और उनकी सास शर्मिला के बाद पता चल चुका है कि उनका दूसरा गेस्ट कौन होगा। और यह गेस्ट कोई और नहीं बल्कि बॉलिवुड फैंस के दिलों की धड़कन कार्तिक आर्यन हैं। एक विडियो वायरल हुआ है जिसमें करीना को कार्तिक से कहते हुए सुना जा सकता है कि उनके शो पर वह और सैफ दो ही मर्द गेस्ट बन रहे हैं। बता दें कि एक चैट शो के दौरान सैफ की बेटी सारा ने कहा था कि वह कार्तिक आर्यन के साथ कॉफी पीना चाहती हैं। इसके बाद से दोनों सुर्खियों में हैं और उनकी नजदीकी को लेकर भी काफी कयास लगाए जा रहे हैं। वहीं वर्क फ्रंट पर बात करें तो कार्तिक और सारा इम्तियाज अली की फिल्म साथ दिखाई देंगे। वहीं कार्तिक फिल्म भूल भुलैया 2 और पति पत्नी और वो के सीक्वल को लेकर भी चर्चा में हैं।



'सेक्शन 375' के बाद अब इस डार्क कॉमेडी फिल्म में नज़र आएंगी ऋचा चड्ढा

अपनी हालिया रिलीज फिल्म सेक्शन 375 में दमदार अभिनय के बाद अब अभिनेत्री ऋचा चड्ढा अपने अगले फिल्म प्रोजेक्ट अभी तो पार्टी शुरू हुई है के साथ आने की तैयारी कर रही हैं. अनुभव सिन्हा द्वारा निर्देशित यह फिल्म एक ब्लैक कॉमेडी है, जिसमें ऋचा एक कमर्शियल सेक्स वर्कर के किरदार में नजर आएंगी. अपनी आगामी फिल्म के बारे में बात करते हुए ऋचा ने कहा, फिलहाल मैं हर तरह के रोल कर रही हूं. इनसे मैं अपने व्यक्तित्व के सभी पहलुओं का पता लगाने जा रही हूं. अनुभव सिन्हा के साथ एक फिल्म के लिए मैं कॉमेडी कर रही हूं. मैं सोफी नामक एक लड़की का किरदार निभा रही हूं जो तुतलाती है. ऋचा चड्ढा ने आगे कहा, सेक्शन 375 के बाद, मुझे इस बात की खुशी है कि अगली फिल्म में लोग मुझे एक और अलग किरदार में देखेंगे. अनुभव सिन्हा की अगली फिल्म अभी तो पार्टी शुरू हुई है में मैं सोफी नामक एक क्रेजी किरदार निभा रही हूं. कॉमेडी मेरी पसंदीदा शैली है और मैं इसका भरपूर आनंद लेती हूं बल्कि यूं कहूं कि मैं इस शैली में सक्रिय रूप से काम करने की कोशिश करती रही हूं और यही वजह है कि एक स्पेशल शो के लिए मैंने स्टैंड अप भी किया.आपको बता दें कि ऋचा चड्ढा आने वाले समय में अश्विनी अय्यर तिवारी की स्पोर्ट्स ड्रामा पंगा में भी नजर आएंगी.

तूफान का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज, बॉक्सिंग रिंग में नजर आए फरहान अख्तर

डायरेक्टर राकेश ओमप्रकाश मेहरा की अगली फिल्म तूफान का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी हो गया है। इसमें ऐक्टर फरहान अख्तर बॉक्सर के रोल में बॉक्सिंग रिंग में नजर आ रहे हैं। पोस्टर से इस स्पॉर्ट्स ड्रामा की रिलीज डेट भी साफ हो गई है। फिल्म अगले साल 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में ऐक्टर दर्शन कुमार विलन के रोल में होंगे। फिल्म में दर्शन एक महाराष्ट्रियन बॉक्सर धर्मेश पाटिल के किरदार में नजर आएंगे। फरहान और दर्शन दोनों ने रोल की तैयारी के लिए काफी ट्रेनिंग की है। यही नहीं, मुंबई के वेस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे पर एक फैक्ट्री में बॉक्सिंग फैसिलिटी तैयार की गई है और यहां पर कोच के साथ दर्शन और दूसरे ऐक्टर्स 7 से 8 घंटे ट्रेनिंग कर रहे हैं। बताया यह भी जा रहा है कि ट्रेनिंग के अलावा दर्शन घर वापस आने पर माइक टायसन के विडियोज भी देखते हैं ताकि बॉक्सर के हैंड और फुट मूवमेंट्स को ठीक से समझ सकें। बता दें, यह दूसरा मौका होगा जब फरहान अख्तर एक खिलाड़ी की भूमिका में नजर आएंगे। इससे पहले वह राकेश ओमप्रकाश मेहरा की ही फिल्म भाग मिल्खा भाग में मिल्खा सिंह के रोल में नजर आए थे।